सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 351 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 21 जून, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE
COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL

TOP 500

ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# झारखंड को बनाएंगे नशामुक्तः चंपई सोरेन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL न्यूज रांचीः मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने राज्य को पूरी तरह नशामुक्त बनाने की घोषणा की है। अभियान के तहत उन्होंने प्रोजेक्ट भवन सचिवालय से छह जागरूकता रथ रवाना किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड को नशामुक्त प्रदेश बनाना है। इसमें हर किसी को अपनी सहभागिता निभानी होगी। चंपई सोरेन ने कहा कि सभी के प्रयासों से ही मादक और नशीले पदार्थों पर रोकथाम



संभव है। इस अवसर पर सभी ने नशामुक्त झारखंड अभियान के तहत एकजुट होकर स्वयं, परिवार और समाज को नशा से दूर रखने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे पर नियंत्रण की दिशा में जागरूकता रथ को रवाना किया जाना एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे नशे के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने में मदद मिलेगी। लोग यह समझ सकेंगे कि नशे की वजह से उनका कितना नुकसान हो रहा है और इससे कैसे बचा जा सकता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि नशे के खिलाफ प्रचार-प्रसार से लोग जागरूक होंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

आगे मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि सत्तारूढ़ गठबंधन बहुत मजबूत है। वे मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश में भाजपा का चुनाव प्रभारी बनाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कहां और कितना हेवीवेट आया है, यह हमको पता नहीं है। झारखंड में किसी की दाल नहीं गलने वाली है। हमलोग जनता के लिए काम कर रहे हैं, जनता सबकुछ जानती है।

## रांची पुलिस ने चोरी के 79 मोबाइल के साथ दो नाबालिग समेत 7 चोरों को गिरफ्तार किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची : रांची पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. चोरी के 79 मोबाइलों के साथ दो नाबालिग समेत सात चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर रातू थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है

पकड़े गये चोरों में साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के लड्डू नोनिया, जितेन्द्र नोनिया, पुसवा नोनिया, अर्जुन नोनिया, और मिथुन दास शामिल हैं, जबकि रामू नोनिया फरार हो गया. गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को बताया कि वे सभी मिलकर बाजार-हाट में एक चेन बनाते हैं और पॉकेटमारी कर तुरंत मोबाइल दूसरे साथी के हवाले कर देते हैं. जिससे पकड़े जाने पर भी उनके पास से मोबाइल



नहीं मिलता. मोबाइल चोरों ने बताया कि अमूमन गिरोह में सभी अपने ही गांव परिवार के सदस्य होते हैं.

18 जून को के रातू स्थित एतवार बाजार में ग्रामीणों ने एक नाबालिग को मोबाइल चोरी करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया था, और रातू पुलिस के हवाले कर दिया था.पुलिस ने बाल कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार के सहयोग से जब नाबालिग से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह मोबाइल चोर गिरोह का सक्रिय सदस्य है.







# न्यू टाउन हॉल में मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

- युवाओं एवं छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु किया गया जागरूक
- किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना हमारी प्राथमिकता- उपायुक्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद : जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं जिला जनसम्पर्क कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजित कुमार, डालसा के डॉ कुमार विमलेंदु समेत अन्य पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चों को पीपीटी के माध्यम से मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी गई। साथ ही उपायुक्त, सिटी एसपी समेत अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विद्यालय से आए छात्र-छात्राओं ने मादक पदार्थों के विरुद्ध न्यू टाउन हॉल में हस्ताक्षर अभियान हेतु लगाये गए हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर कर इस मुहिम में शामिल हुए एवं बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन मे कभी भी किसी प्रकार के नशे दूर रहेंगे और समाज के और भी साथियों को इसके प्रति जागरूक करेंगे।

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि निषिद्ध मादक पदार्थों का दुरुपयोग को कम करने, इसके व्यपार मे संलिप्त तस्करों तथा उपयोकर्ताओं के विरुद्ध सख़्त कानूनी कारवाई के साथ-साथ समाज को, विशेषकर किशोर तथा युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम जिले में भी संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में शिक्षकों की भूमिका अहम हो जाती है, सभी शिक्षक छात्रों को अच्छी शिक्षा दे एवं उनपर ध्यान भी दे क्योंकि इस उम्र में बच्चे अक्सर नई चीजों की तरफ आकर्षित होते हैं ओर कई बार गलत चीजों की तरफ चले जाते हैं जिससे उनके भविष्य अधर में चली जाती है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रभावी परिणाम के लिए मादक पदार्थों के खिलाफ सभी विभागों एवं एजेन्सियों को आपसी समन्वय बनाकर जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है जिसके तहत जिला प्रशासन सहित समाज कल्याण विभाग, जनसम्पर्क कार्यालय, जेएसएलपीएस की महिला संगठनों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं समेत अन्य विभागों को अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जो भी बच्चे नशे की आदि हैं उन्हें इन सभी चीजों से बाहर निकलना भी हमारी प्राथमिकता है एवं जो भी बच्चे इसके चपेट में भी नहीं आए हैं उन्हें भी इनसे बचा कर रखना हमारी प्राथमिकता है।

## जलान फैक्ट्री गोंडूडीह में मजदूर क़े मौत क़े बाद विधायक राज सिन्हा ने एस.एन.एम.एम.सी.एच. पहुंचे और परिजनों से मुलाक़ात किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भूली स्थित जलान फैक्ट्री में गोंडूडीह ओपी क्षेत्र निवासी स्व. राम दास मित्री के पुत्र राम इकवाल विश्वकर्मा की मृत्यु फैक्ट्री में काम के दौरान हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर धनबाद विधायक राज सिन्हा एस.एन.एम.एम.सी.एच. पहुंचे और परिजनों से मुलाक़ात की। परिजनों से बात करने पर जानकारी मिली की मृतक राम इकवाल विश्वकर्मा जलान फैक्ट्री में मेंटेनेंस का काम देखते थे। शेड की मेंटेनेंस के दौरान काफी ऊंचाई से नीचे गिरने पर उनके सीने में चोट लगी और उन्होंने वहीं दम तोड़ दिया।

शव को पोस्टमार्टम के लिए एस.एन.एम.एम.सी.एच. में रखा गया हैं, कल सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले किया जायेगा।

## राजीव शर्मा की अध्यक्षता में DLSA के सचिव से मिला झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति का प्रतिनिधिमंडल, कहा रैयतों की जमीन को अपना बता रहा बीसीसीएल

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद: झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में DLSA के सचिव राकेश रोशन से मिला। झरिया कोलफील्ड में रैयतों और गैर रैयतों की परेशानियों और स्थानीय अदालतों में चल रहे मुकदमों के संदर्भ में मिलकर अध्यक्ष राजीव शर्मा ने निम्न बिंदुओं को रखा।

जिसमे अग्नि एवं भू धंसान क्षेत्रों में विस्थापन एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में आम लोगों की परेशानी, भारत सरकार की LARR 2013 का अनुपालन नहीं होना,

कोयला राष्ट्रीयकरण कानून की आड़ में रैयतों की जमीन को अपना बता कर विवाद होना शामिल है। DLSA के सचिव राकेश रोशन ने इस विषय में बीसीसीएल, जेआरडीए , स्थानीय प्रशासन और सभी संबंधित पक्षों के मध्य बैठक कर समाधान निकालने अथवा विशेष लोक अदालत के माध्यम से समाधान की पहल का आश्वासन दिया है, इस संदर्भ में आगामी 29/06/24 को भी विशेष लोक अदालत भी होगी और आवश्यकता हुई तो भविष्य में विशेष लोक अदालतें गठित की जायेंगी। राजीव शर्मा ने आम लोगों के लिए कहा कि

अगर आपके ऊपर किसी भी प्रकार का मुकद्दमा हो, जो बीसीसीएल द्वारा आपको हटाने और आपकी जमीन ,मकान,और दुकान को हटाकर किसी भी प्रकार का मुआवजा नही दिया गया हो, या आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जबरन कब्जा कर लिया हो तो आपके लिए एक खुशखबरी है भाइयों कि विशेष लोक अदालत के माध्यम से उन सभी मामलों का निपटारा किया जा सकता है। झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति आप सभी से आह्वान करती है, उन सभी क्षेत्रों से रैयतों और गैर रैयतों से विस्थापन, मुकदमों से संबंधित अपनी समस्या हो तो उसकी जानकारी हमें दें, हमारी टीम इसमें आप सभी का सहयोग करेगी।

आप सभी से यह आग्रह है की इस विशेष लोक अदालत का लाभ लें जिससे मामलों का निपटारा किया जा सके।

झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति JHALSA/DLSA की विशेष लोक अदालत में आपकी और संबंधित पक्ष बीसीसीएल/ जेआरडीए /स्थानीय प्रशासन के साथ संयुक्त रूप मध्यस्थता कर रास्ता निकलने का प्रयास कर उचित न्याय और मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर सके।उपरोक्त प्रतिनिधिमंडल में शिवबालक पासवान, श्रविन्द्र सिंह, राकेश सिन्हा, शंभू बर्णवाल और रवि साहू उपस्थित थे।

# पत्नी को मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस, पति के पास से मिला 80 जिंदा कारतूस, गिरफ्तार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबादः पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार के कार्यालय कक्ष में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसमें पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था दीपक कुमार भी मौजूद थें।

प्रेस वार्ता के दौरान एसपी ने बताया कि 19 जून को स्वाती कुमारी, पति राहुल कुमार सिंह, सा० अनन्या अपार्टमेंट फलैट नं0- 402 स्टील गेट थाना सरायढेला जिला धनबाद के द्वारा सूचना मिला कि उनके पति द्वारा मारपीट किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस फ्लैट नं0 402 अनन्या अपार्टमेंट पहुंची और गेट खुलवाया तो स्वाती कुमारी रोते हुए बोली कि उनका पति मारपीट करता है और जेवर चुराने का आरोप लगाता है।




स्वाती बोली कि घर में जेवर खोजे नहीं मिला। राहुल कुमार सिंह के कमरा में अलमीरा है जिसका चाभी राहूल कुमार ही रखता है और किसी को नही देता है। अगर राहुल कुमार सिंह के अलमीरा को खोला जाएगा तो संभवतः जेवर मिल सकता है। पुलिस के द्वारा राहुल को समझाने के उपरांत राहुल खुद अलमीरा के अपने पास रखे चाभी से खोल कर दिखाने लगा तो देखा गया कि वह एक छोटे बैग को छिपाने का प्रयास कर रहा है।

पुलिस के द्वारा पूछा गया कि बैग में क्या है तो वह अपने कमरा से भागने का कोशिस किये लेकिन पुलिस को उपस्थित रहने के कारण नही भाग पाया। उक्त बैग को खोला गया तो उसमें कुल 80 (अस्सी) जिन्दा कारतुस बरामद हुआ। इस संदर्भ में कोई वैध कागजात नही दिखाया गया तदोउपरांत विधिवत जप्ति सूची तैयार किया गया तथा इस संदर्भ में सरायढेला थाना काण्ड सं० 139/024 दिनांक 19.06.024 धारा-25 (1-AA) शस्त्र अधिनियम अंकित किया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता :-

1. राहुल कुमार सिंह उम्र 32 वर्ष पे0 राम विनय सिंह सा0 रूपस मरवाही थाना शालिमपुर जिला पटना वर्तमान पता अनन्या अपार्टमेंट फ्लैट नं0-402 थाना सरायढेला, जिला धनबाद

### बरामद किये गये कारतूसो की विवरणी :-

1. 9mm -28 pice
2. LAPUA अंग्रेजी में अंकित 04. pice गोली
3. SPECAL 12KF अंकित 13 pice गोली
4. KF-12 97 12 अंकित – 03 pice गोली
5. KF 32S & WL-09 pice गोली
6. REM-UMC 32S & W अंग्रेजी में अंकित – 23 pice गोली
7. एक लाल काला रंग का छोटा बैग जिसके अंदर से उपरोक्त कूल 80 पीस जिन्दा कारतुस बरामद हुआ

### छापामारी दल में शामिल :-

1. पु0अ0नि0 फगुनी पासवान थाना प्रभारी सरायढेला
2. पु0अ0नि0 नितेश कुमार मिश्रा सरायढेला थाना
3. पु0अ0नि0 फुलजेंन्सिया टोप्पनो सरायढेला थाना
4. सरायढेला थाना रिजर्व गार्ड

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष पर दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की ओर से धनबाद के विभिन्न संस्थानों मे योग, प्राणायाम के लिए अभ्यस्त

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन धनबाद मीडिया प्रभारी मयंक सिंह ने बताया कि 10वी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दी आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान को धनबाद के विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों ने योग, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास के लिए निमंत्रण दिया है। मंडल कारा धनबाद मे डाक्टर राम नारायण और संदीप कौशल ने 60 कारावास बंदियों को योगाभ्यास करवाया वहीं कल ४०० लोगो को करवाने कि व्यवस्था की गई है। वही प्रशिक्षिका सोनी कुमारी ने सभी मीडिया हाउस के सभी मीडियाकर्मी व चंचनी कालानी स्थित नई दिशा वूमेन ऑर्गेनाइजेशन में वॉलंटियर जूही महतो के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकाल को कराया।

## झारखंड के स्कूलों की आई नई टाइमिंग, 11:30 बजे तक ही चलेंगे स्कूल KG से कक्षा 12 तक की क्लासेस

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : विधायक राज सिन्हा ने जेवीभीएनएल के महाप्रबंधक से मिलकर धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों के मोहल्ले, पंचायत एवम वार्ड में जर्जर बिजली के तार, पोल एवम ट्रांसफार्मर अविलंब बदलने की माँग रखी। साथ ही आमलोगो के द्वारा दिये गए तार, पोल ,ट्रांसफार्मर बदलने संबंधित आवेदनों की सूची सौंपी। विधायक श्री सिन्हा ने ने



विस्तार पूर्वक धनबाद के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त जर्जर हो चुके बिजली के तारों, बिजली पोलों की कमी, एवम पुराने एवम लोड बढ़ चुके ट्रांसफार्मर के वजह से आये दिन आमलोगों के समक्ष होने वाली कठिनाइयों को विस्तार पूर्वक बताया।शहर में तेज गति से मोहल्लों , कोलोनियों का विस्तार हुआ परंतु ट्रांसफार्मर की क्षमता पुरानी है, पुराने ट्रांसफर्मरों पे भार की अधिकता के वजह से समस्याएं उत्पन्न होती हैं। अतः ऐसे ट्रांसफार्मर जल्द बदलने या अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार सिन्हा एवं अधीक्षण अभियंता ने बातों को गंभीरता पूर्वक सुना एवम सभी बिंदुओं पे कार्य तत्काल प्रारंभ करने की बात कही। इस अवसर पे भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू, निर्मल प्रधान, मनोज मालाकार, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा,शंभु सिंह, हुल्लास दास, रंजीत यादव, ऋषभ राज सहित कई अन्य थे।



# डिजनीलैंड मेला में मुख्य आकर्षण अंडरवाटर फिश टनेल

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : जिला परिषद मैदान में गर्मी की छुट्टियों को खुशनुमा बनाने के लिए धनबाद में एक बार फिर धनबाद एक्सपो डिजनीलैंड मेला धूम मचाने आ गया है.

जो रोजाना संध्या 4 बजे से शुरू होगा जो रात्रि 10 बजे तक चलता है, इस बार मेले क़े झूले में ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चान्दतारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर, और हॉर्स राइड जैसे मनोरंजन के समान क़े आलावा सबसे अजूबा रोमांचकारी, अजूबा और धनबाद में पहलीबार मुख्य आकर्षण का केंद्र अंडर वाटर फिश टनेल है, जहां करीब 100 प्रजातियों की मछली देखने को मिल रही है, अंडर वाटर फिश टनेल देखने में ऐसा मानो पानी क़े अंदर परिवार संग सैर पर निकले है, एक से एक रंग बिरंगी मछलीं आपसे बाते करने को आतुर है, ऐसा अंडर वाटर फिश टनेल आपने कभी नहीं देखा होगा, मेले में बच्चे और बड़ों के लिए कई तरह के मेले में विभिन्न प्रान्तों से आये स्टॉल होंगे, जिसमें सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी, सहित 50 से अधिक स्टाल लगाए गए है , जिसमे फर्नीचर उडेन हेंडीक्राफ्ट, फैंसी लेडिस सैंडिल और बैग, कारपेट, किचेन वेयर, वास्तु के सामान, कोलकाता ज्वेलरी, कंगन चुड़ी और खादी वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, कांच के आइटम की खरीदारी भी कर सकते है,

मेले में लोगो के खाने पिने के लिए पानी पूरी, भेल पूरी चाट चोमिन, पिजा बर्गर से लेकर स्वदेशी लिट्टी चोखा तक का आनंद लोग उठा रहें है...

## नगर निगम ने अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया, कई दुकानों को हटाया गया




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : धनबाद नगर निगम क्षेत्र के कई जगहों पर लगातार पिछले कई दिनों से नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया जा रहा है. जिसके तहत आज हीरापुर विवेकानंद चौक के समीप धनबाद नगर निगम के द्वारा जिसमें 7 से 8 दुकानों पर कार्रवाई की गई.

इन सभी दुकानदारों को निगम के द्वारा पूर्व में ही अतिक्रमण हटाने की सूचना दे दी गई थी. जिसके बाद आज यह पूरी कार्रवाई की गई. कई दुकानदारों द्वारा जबरन बिजली कनेक्शन लेने की भी बात सामने आ रही है. जिन्हें चिन्हित कर उन पर भी निगम द्वारा करवाई की जाएगी. पूरे मामले की जानकारी देते हुए नगर निगम के गर्मी ने बताया कि यह कार्रवाई विधि पर जारी रहेगी और जो भी लोग अतिक्रमण करते हुए पकड़े जाएंगे उन पर निगम द्वारा आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी.

## मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को समाप्त करने के आलोक में बी. एस. एस.बालिका उच्च विद्यालय धनबाद में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता आयोजित

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद :मादक द्रव्यों के दुरुपयोग को समाप्त करने के आलोक में विभागीय आदेशानुसार बी. एस. एस. बालिका उच्च विद्यालय धनबाद में वर्ग 06 से लेकर वर्ग 10 के छात्र/छात्राओं के बीच पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।छात्र/छात्राओं ने अपने पोस्टर के माध्यम से तंबाकू उत्पाद के सेवन से किशोर और युवा वर्ग को इसके दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का सफल और सार्थक प्रयास की झलक देखने लायक थी।बच्चों के पोस्टर का एक ही सार था "हम सब का एक ही नारा, नशा मुक्त जीवन हो हमारा"।

छात्र/छात्राओं ने अपने पोस्टर के माध्यम से धूम्रपान के दुष्परिणाम के आलोक में कैंसर, स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप ,कोरोनरी हृदय रोग, रक्त वाहिकाओं का नुकसान और लीवर की खराबी जैसी खतरनाक बीमारियों के प्रति आगाह करने का यथा संभव प्रयास किया गया। प्रतियोगिता में यारा कुमारी, निशा कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी, तृषा कुमारी, गुड़िया कुमारी, शालू कुमारी, मिलन कुमारी, कोमल कुमारी,सुमन कुमारी, सानिया सिंह, रूपोश्री, होलियाना तिर्की समेत कई दर्जन बच्चे शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रधान अंजुला गुप्ता, संजय कुमार, अरविंद कुमार यादव, अनुपम सुप्रिया रश्मि, एनावेल सुषमा कंडूलना, रेणु कुमारी, पूनम कुमारी शर्मा, रत्नेश कुमार, कुमारी पारुल, इंदू कुमारी, नागेंद्र कुमार आदि की महती भूमिका रही।






# भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण ने योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित किया योगाभ्यास

## केवल 21 जून ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिन योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए- सांसद दुलू महतो

पोलिट लाइव रिपोर्टर





गोविंदपुर: भाजपा धनबाद जिला ग्रामीण द्वारा राजविलास रिसॉर्ट कौआबांध में योग दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद दुलू महतो ने कहा कि केवल 21 जून ही नहीं बल्कि प्रत्येक दिन योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को अपने घरों में प्रातः योग करना चाहिए । इससे अनेक बीमारियों से हमें मुक्ति मिल सकती है और चिकित्सकों के यहां जाने और दवा खाने से छुटकारा मिल सकता है। उन्होंने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने वाले निरोग रह रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ से 21 दिसंबर को योग दिवस मनाने की पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी भाजपाइयों से योग का प्रशिक्षण लेने और 21 जून को अपने-अपने क्षेत्र में योग शिविर लगाने की अपील की । इस अवसर पर योगाचार्य लक्ष्मीकांत पंडित किशोर कुमार, किशोर कुमार व अनु कुमार ने शिविर में शामिल भाजपाइयों को प्रशिक्षण दिया और अभ्यास कराया। कार्यक्रम संयोजक नंदलाल अग्रवाल सभी का स्वागत किया । जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने योग शिविर के लिए मंडल प्रभारियो की घोषणा की। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, तारा देवी, जिला उपाध्यक्ष नन्दलाल अग्रवाल, बलदेव महतो, संजय महतो, मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि, मोहन कुंभकार, कुमार महतो, राजेश चौधरी, ओमप्रकाश बजाज, जहीर अंसारी, सुजीत चौधरी, दिनेश मंडल, कीरिटी भूषण रूज, संजय झा, काजल नाग, प्रशांत बनर्जी, विश्वनाथ पाल, नवल चौधरी तालेश्वर साव, जग्गू साव, विवेकानंद पांडेय, गोपाल भारती, नीतू शंकर , संतराम चौधरी आदि थे।

## हुल दिवस पर 30 जून को टुंडी जाताखुंती के आमसभा एवं बाइक महा रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति हुआ तैयार

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : हुल दिवस के बहाने आदिवासी समाज ने किया शक्ति प्रदर्शन की तैयारी। पूर्वी टुंडी प्रखंड के शहरपुरा मोड में गुरुवार को सोरोश चिरगल संथाल समाज के कार्यकारी समिति के सदस्यों सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं का एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में मुख्य रूप से हुल दिवस के अवसर पर 30 जून को टुंडी प्रखंड के जाताखुंती स्थित बालिका बिहार में होने वाली आमसभा एवं बाइक महा रैली को सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार किया गया। मुख्य रूप से संथाल समाज के एकता एवं एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए समाज के अधिक से अधिक संख्या में लोग भाग ले इसको लेकर प्रत्येक क्षेत्र से अलग-अलग कमेटी का गठन कर सभी को जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त बैठक में पूर्वी टुंडी के शहरपूरा मोड़ में फूलो झानो की प्रतिमा स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। हूल दिवस के अवसर पर होने वाली बाइक रैली में टुंडी विधान सभा क्षेत्र के पूर्वी टुंडी, टुंडी एवं तोपचांची से भी संथाल समाज के लोग काफी संख्या में भाग लेंगे।

## समर्पण एक नेक पहल टीम बोकारो ने एक साथ 4 यूनिट रक्त दान कर मरीज को सहायता प्रदान की



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बोकारो : जनरल हॉस्पिटल में ईलाजरत 35 वर्षीय मरीज मीरा कुमारी के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी जिसके वजह से डॉक्टर ने मरीज के लिए तत्काल 4 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की बात मरीज के परिजन से कहा, मरीज के परिजन 4 यूनिट रक्त की बात सुनकर बहुत घबरा गए उन्होंने कहा कि इतनी जल्दी चार यूनिट रक्त का इंतजाम कहा से होगा फिर किसी ने उन्हें सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के बारे में बताया और संपर्क करने को कहा इसके बाद मरीज के परिजन बिना समय गंवाए संस्था के बोकारो जिला अध्यक्ष बिनोद चौहान से संपर्क कर उनसे 4 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त की सहायता मांगी।

इसके पश्चात संस्था के बोकारो जिलाध्यक्ष बिनोद चौहान ने संस्था के चार रक्त वीर एवं सक्रिय सदस्य राहुल कुमार, दिनेश अजय, सुनीता अजय, सागर कुमार को लेकर स्वयं बोकारो जनरल हॉस्पिटल ब्लड बैंक पहुंचें और एक ही बार में 4 यूनिट रक्त दान कर मरीज मीरा कुमारी के लिए रक्त उपलब्ध कराया।

रक्त प्राप्त होने के बाद मरीज के परिजन ने कहा कि हम सभी रक्त को लेकर बहुत चिंतित थे कि कैसे एक साथ रक्त की व्यवस्था हो पाएगी परंतु संस्था ने एक ही बार में हमारी सारी चिंता को दूर कर दिया इसके लिए संस्था के जिला अध्यक्ष बिनोद चौहान जी एवं सभी रक्त वीरों को कोटि कोटि धन्यवाद।



# गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी, धनबाद लोकसभा क्षेत्र के दुल्लू महतो के विजय होने पर कतरास मे निकली आभार यात्रा

आभार यात्रा को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद दुल्लू महतो ने कहा कि गिरिडीह लोक सभा क्षेत्र से दूसरी बार विजयी बनाने पर आभार व्यक्त किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




कतरास : आपके इस क्षेत्र से दो-दो सांसद को नेतृत्व करने का अवसर मिला है। हमलोग आपकी जन समस्याओं को लोकसभा में पूरे दमखम के साथ उठेंगेयें। हम आपसे वादा करते हैं कि हम माफिया गुंडा के आगे कभी नहीं झुकेंगे। अपने मान सम्मान के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। अन्याय के खिलाफ हमेशा से लड़ता रहा हूं और आगे भी आपकी लड़ाई को लडता रहूंगा। आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने झारखंड सरकार पर तंज करते हुए कहा कि राज्य के सत्ता को चलाने वाले नेता आज जेल में है। उनके मंत्री भी जेल में है। राजनीति मे नैतिक गिरावट हो गई है। क्षेत्रीयता के नाम पर परिवार चल रहा है। झारखंड में राजनीति के छवि धूमिल हो रही है। झारखंड की जनता से एक बार फिर से एनडीए सरकार को राज्य सौंपने की अपील की।

# शिक्षकों पर हुई कार्रवाई की हो वापसी

## वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी हो समाप्त ▸ परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ ने किया मांग

पोलिट लाइव रिपोर्टर




पटना : परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार एवं प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शिक्षकों पर हुई कार्रवाइयों को वापस लेने की मांग की है।
नेता द्वय ने बताया कि शिक्षा सुधार के नाम पर निवर्तमान अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग के द्वारा शिक्षकों पर कई तरह की कार्रवाइयाँ की गई है। जिसमें शिक्षकों के वेतन कटौती, निलंबन एवं बर्खास्तगी प्रमुख हैं। पिछले एक वर्ष में शिक्षकों का जो मानसिक दोहन और शोषण हुआ है उसकी भरपाई विभाग द्वारा कार्रवाइयों को वापस लेकर की जा सकती हैं। इस अवधि के दौरान शिक्षकों को अनावश्यक एवं पूर्वाग्रह से ग्रस्त होकर तरह-तरह की प्रताड़नाएं दी गई हैं। गर्मी की छुट्टी समेत होली, रक्षाबंधन एवं अन्य त्योहारों में छुट्टियों की कटौती इसका ज्वलंत उदाहरण है।
इसके अलावा मनमाने तरीके से स्कूल टाइमिंग को बदलना न केवल शिक्षकों के लिए बल्कि छात्रों के लिए भी कठिन रहा है।
प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने बताया कि राज्य के करोड़ों बच्चे जो सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं उनका भविष्य बनाना शिक्षकों का कार्य है। राज्य के शिक्षक पूरी निष्ठा लगन और ईमानदारी से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद विभाग द्वारा एक भय का माहौल बनाया गया। संविदाकर्मियों, अनुबंधकर्मियों, नियोजित, शिक्षा विभाग से इतर लोगों एवं कनीय कर्मचारियों के द्वारा विद्यालय निरीक्षण कराना शिक्षकों की प्रतिष्ठा को धूमिल कर रहा है। इस पर अविलंब रोक लगाई जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि नए अपर मुख्य सचिव के आने के उपरांत कई बदलाव किए गए हैं ,जो सराहनीय हैं।
श्री ठाकुर ने मांग किया कि शिक्षा एवं शिक्षक हित में शिक्षकों पर हुई कार्रवाई अविलंब वापस ली जाय ताकि शिक्षक भयमुक्त एवं संशयमुक्त होकर अपने कार्यों का निर्वहन कर सकें।

## करमाटांड़ में हुई मारपीट में दो महिला घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : करमाटांड़ में हुई मारपीट में महिला खुशबू देवी व जिरा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। बलियापुर सीएचसी में इलाज किया गया। स्थिति नाजुक देख चिकित्सक ने शहीद निर्मल महतो अस्पताल अस्पताल धनबाद रेफर कर दिया। लिखित शिकायत में करमाटांड़ निवासी गुरु पद रवानी ने कहा कि मेरे पुत्रवधू खुशबू देवी बगल के राशन दुकान में राशन लेने गई थी । वापस आने के क्रम धीरेंद्र रवानी, परमेश्वर रवानी, पंकज रवानी ने साड़ी खींचकर मारपीट करने लगा। रड से खुशबू देवी को मार कर सर फोड़ दिया। बचाने गई बूढ़ी मां जिरा देवी को भी मार कर हाथ तोड़ दिया ।खबर मिलने पर सीएचसी में भर्ती किया गया। दोनों की ईलाज धनबाद में चल रहा है। लिखित शिकायत पर बलियापुर पुलिस ने कांड संख्या 81/ 24 के तहत धारा 323, 324, 325, 341, 342, 354, 504, 506 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई में पुलिस जुट गई हैं । पुलिस आरोपी को गिरफ्तार के लिए छापामारी कर रही है।

# राजाभिटा पंचायत तारटांड़ गांव के प्रवासी मजदूर लालू महतो का चैंनई में 6 महिनें से लापता होने की सूचना पर जेबीकेएसएस बरवाअड्डा ज़ोंन टीम ने लिया संज्ञान परीजनों ने घर वापसी की लगाई गुहार

पोलिट लाइव रिपोर्टर



टुंडी : धनबाद जिले के टुंडी थाना अंतर्गत राजाभिटा पंचायत के ताराटांड़ निवासी सखीचन्द महतो अपने प्रवासी मजदूर बेटे लालू महतो उम्र लगभग 28 वर्ष के लापता होने की शिक़ायत धनबाद जिले के स्थानीय टुंडी थाना, घटना स्थल पौषक थाना क्षेत्र बरवाअड्डा थाना, धनबाद जिला प्रशासन आदि संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों को अपने बेटे के सकुशल घर वापसी के लिए दर दर की ठोकरें खाने के बाद भी अपने बेटे प्रवासी मजदूर लालू महतो का अभी तक चैनई से सकुशल घर वापसी नहीं करवाया जा रहा है। प्रवासी मजदूर लालू महतो के पिता और परिजनों के द्वारा शिकायत किया गया है कि स्थानीय थाना के द्वारा रिश्वत लेकर आरोपियों को बचाया जा रहा है आरोपियों के द्वारा परीजनों को खुले आम चुनौती दिया जा रहा है कि जो करना है कर लो लालू महतो को घर वापसी नहीं करवाया जाएगा प्रवासी मजदूर लालू महतो के परीज़न बहुत ही गरीब किसान परिवार से हैं किसी तरह खेती किसानी दिहाड़ी मजदूरी कर अपने बेटे को चैनई से घर वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं पीड़ित के दो छोटे छोटे बच्चे हैं। परीजनों के द्वारा कहा गया है उनके बेटे लालू महतो रंग पेंट पुताई का काम दिहाड़ी मजदूरी के रूप में काम करके किसी तरह घर परिवार चला रहें थें स्थानीय गांव ठिकेदार बिचौलियों के द्वारा अच्छे वेतन मजदूरी के लोभ लालच देकर चंगुल में फंसा कर धनबाद जिले अंतर्गत बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के भेलाटांड़ खटाल के पास ले गया और वहां से घर भी आने नहीं दिया गया वहीं से ग़ायब करके झारखंड से बाहर दूसरे राज्य चैनई ले जाया गया। लालू महतो का मोबाइल भी बंद बता रहा है परीजनों के द्वारा स्थानीय थाना टुंडी बरवाअड्डा थाना और धनबाद जिला प्रशासन से अपने बेटे के घर वापसी के लिए लगभग छः महिने से घर वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन कुछ मदद नहीं कर रहें आरोप है कि प्रशासन द्वारा रिश्वत लेकर आरोपियों पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बरवाअड्डा ज़ोंन टीम के द्वारा संज्ञान में लेकर लालू महतो के सकुशल घर वापसी के लिए पीड़ित परिजनों से मिलकर परीजनों ढ़ाढ़स बंधाया । वहीं झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के द्वारा स्थानीय टुंडी थाना बरवाअड्डा थाना धनबाद जिला प्रशासन झारखंड राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष और चैनई के प्रवासी नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकुशल घर वापसी के लिए मांग किया गया वहीं कहा गया कि अगर स्थानीय जिला प्रशासन अगर आरोपियों को रिश्वत लेकर बचाया जा रहा है और 24 घंटे के अंदर प्रवासी मजदूर लालू महतो को पता लगा कर सकुशल घर वापसी नहीं करवाया गया तो इसका सारा जवाबदेही जिला प्रशासन राज्य स्तरीय प्रवासी नियंत्रण कक्ष के पदाधिकारियों का होगा हमारे झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति धनबाद जिला बरवाअड्डा ज़ोंन की पुरी टीम लोकतांत्रिक क्रांतिकारी तरिके से आंदोलन के लिए बाध्य होगा किसी मजदूर किसान का बेटा ग़ायब है लापता हैं और स्थानीय थाना और जिला प्रशासन वातानुकूलित सरकारी कमरों में बैठे बैठे रिश्वत लेकर आरोपियों को बचाया जा रहा है मौके पर उपस्थित झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश विश्वकर्मा धनबाद जिला मिडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो केंद्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा छोटा टाइगर छोटू रजक धनबाद जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रेम रजक केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा पप्पु पहाड़ी महतो बरवाअड्डा ज़ोंन प्रवक्ता नीरज शर्मा टुंडी प्रखंड अध्यक्ष युवा मोर्चा भागीरथ महतो मनोज महतो सोनू महतो.

# पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक को मिला पोड़ैयाहाट पुलिस निरीक्षक का अतिरिक्त प्रभार

**▪ प्रभार लेते ही चलाया वाहन चैंकिंग अभियान, कहा- आप अपने परिवार के लिए अनमोल है। आप सुरक्षितः, आपका परिवार सुरक्षित। हेलमेट पहनकर चले**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा: पुलिस अधीक्षक नाथुसिंह मीना ने सदर इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक को पोड़ैयाहाट सर्किल इंस्पेक्टर का अतिरिक्त प्रभार दिया है। यह प्रभार श्री मोदक को परैयाहाट सर्किल इंस्पेक्टर के अवकाश में जाने के कारण दिया गया है। पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने प्रभार ग्रहण करने के पश्चात थाना में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ औपचारिक बैठक किये साथ ही मोदक ने पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक रमेश कुमार के साथ मिलकर परैयाहाट थाना चौक में वाहन चैंकिंग अभियान चलाये। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट दो पहिये वाहन चालको की वाहन जब्त ही नही किये बल्कि बिना हेलमेट के दो पहिये चालक, तीन सवारी, तेज़ गति से चलने वाले दो पहिये चालको को सड़क दुर्घटना से बचने का उपाय भी बताए। चैंकिंग के दौरान दर्जनों दो पहिए वाहनों का चालान भी कटा गया।

पुलिस इंस्पेक्टर मधुसूदन मोदक ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप वाहन धीरे चलाये, ओवर लोड न चले, वाहन को तेजी ओर लापरवाही से न चलाये तथा चार पहिये वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट पहने एवं दो पहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का उपयोग जरूर करे। उन्होंने निर्देश दिए कि आप अपने ट्रेक्टर में नंबर लिखाकर ट्रेक्टर चलाये। बिना नंबर के ट्रेक्टर को जब्त किया जाएगा। श्री मोदक ने कहा कि- आप अपने परिवार के लिए अनमोल है। आप सुरक्षित, आपका परिवार सुरक्षित। दुर्घटना से बचिए ओर परिवार के साथ खुशहाल रहिये।

## बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों की अब खैर नहीं



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग एवं विभागीय निदेश के आलोक में 20 जून को बाल श्रमिक धावा दल द्वारा पोडैयाहाट प्रखण्ड के विभिन्न होटलों, गैरेजों, ढाबा एवं दुकान-प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोई भी बाल श्रमिक कार्यरत नहीं पाये गए। श्रम अधीक्षक,गोड्डा श्री संजय आनन्द के द्वारा बताया गया कि बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों की अब खैर नहीं। बाल श्रम कराना गंभीर अपराध है। बाल श्रम करवाने वाले के विरुद्ध उल्लंघन की स्थिति में 20,000/- रुपये से 50,000/- रुपये तक का जुर्माना अथवा 6 माह से 02 वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकता है। उक्त धावा दल में श्रम अधीक्षक,संजय आनन्द के अलावा रितेश कुमार, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, राजेश कुमार, युनिसेफ के जिला कॉर्डिनेटर अमोल, चाईल्ड लाईन साथी संस्थ के प्रतिनिधि लाउस जी एवं पोड़ैयाहाट थाना के पुलिस कर्मी शामिल थे।

## बलियापुर मुखिया संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सीएम चंपई सोरेन से मिलकर बलियापुर के जन समस्या को अवगत कराया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : बलियापुर के मासस केंद्रीय महासचिव बबलू महतो के नेतृत्व में बलियापुर के मुखिया संघ के प्रतिनिधि मंडल झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर बलियापुर के जन समस्या पर अवगत कराया प्रतिनिधि मंडल मे बलियापुर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी मुखिया संघ के धनबाद जिला महासचिव उत्तम चौबे मुखियासंघ के बलियापुर प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो सइलेन मंडल दिनेश सर्कल, मुखिया धर्मेंद्र रवानी मुखिया दिलीप महतो मुखिया संजय गोराई आदि थे.

## बलियापुर के जनप्रतिनिधियों ने कल्पना सोरेन से मिला



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : मुखियाओं व पंचायत समिति सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मासस केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन से मिला। यहां की जनसमस्याओं को अवगत कराया। समस्याओं की समाधान की दिशा में कल्पना सोरेन ने भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, पंसस हीरालाल मोदक, मुखिया उत्तम चौबे, गणेश महतो, धर्मेंद्र रवानी, शैलेन मंडल, विजय रजक रहे मौजूद आदि मौजूद थे।

## पेयजल के लिए बेड़ा नियामतपुर गांव के लोगों ने किया नारेबाजी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

बलियापुर : दुधिया पंचायत के बेड़ा नियामतपुर के ग्रामीणों को गर्मी के इन दोनों पीने का पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब 300 परिवार वाले इस गांव में मात्र तीन चापाकल है। वही गांव के दो सोलर पानी टंकी कई महीनो से खराब पड़े हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार के नल जल योजना का लाभ उन्हें नहीं मिल पाता है। कहा की नल जल योजना के तहत गांव में 2 साल पूर्व पाइप लाइन बिछाया गया लेकिन अभी तक इस योजना के तहत ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पाया है। लोगों को पीने के पानी के साथ-साथ नहाने धोने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। करीब 1 किलोमीटर दूर से पीने का पानी लाकर लोग प्यास बुझाते हैं। गांव में व्याप्त जल संकट से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को गांव में प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन एवं पीएचईडी के विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान गांव के इमरान खान, शेख वाहीद, सुल्तान खान, सलीम खान, समरूद्दीन खान, इकबाल खान, मन्नान खान, शेख जफरुल, सद्दाम, शाहबाज आदि थे।

## कल्पना टॉकीज के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी का निधन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



सिंदरी : कल्पना टॉकीज के प्रबंधक वशिष्ठ नारायण सिंह की धर्मपत्नी राजकुमारी देवी उम्र 66 वर्ष का निधन उनके निवास स्थान में गुरुवार के सुबह लगभग 5 बजे हो गया।

राजकुमारी देवी कुछ महीनो से बीमार चल रही थी। हाल ही में दिल्ली से इलाज करा कर लौटी थी। अपने पीछे 2 पुत्र राजीव रंजन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं दो पुत्री समेत भरापुरा परिवार छोड़ गई है। कल शुक्रवार (21 जून) को सुबह 8 बजे खुदिया नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजकुमारी देवी के निधन से उनके जानने वालों के सिंदरी के लोगों के बीच दुख की लहर दौड़ गई। श्रद्धांजलि व दुख व्यक्त करने वालो में दीपक कुमार दीपू,भारत शर्मा,बासुकी नाथ सिंह, राजीव रंजन मुन्ना, अली अहमद खान, आशीष कुमार मुखर्जी, मनी भूषण सिंह, शैलेश सिंह, दिलीप रिटोलिया, सतदेव सिंह, दिनेश सिंह,कांति सिंह, कौशल सिंह, राजू पांडे, शह देव सिंह, बरमेश्वर शर्मा, अशोक शर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, पवन शर्मा,उत्तम मुखर्जी, बुधन राम, सीमित सिंह, अजय सिंह, विदेशी सिंह, धनंजय प्रताप, मंजीत उप्पल, एमडी अफसर, दीपक डे, अशोक शर्मा अधिवक्ता, संजय प्रसाद, एस के चंदा, ए प्रभाकर राव,असीम समता समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों शामिल है।